दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 10 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 201 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## पीएम नरेंद्र मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिला



**नामीबिया।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्विट्सचिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नामीबिया की स्वतंत्रता के बाद 1995 में शुरू किया गया था। यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा और नेतृत्व के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार पीएम मोदी को उनकी नामीबिया यात्रा के दौरान मिला। इस यात्रा में दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हुई और समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

नामीबिया ने 1990 में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। इसके बाद यह पुरस्कार शुरू किया गया। 'वेल्विट्सचिया मिराबिलिस' नामीबिया का एक खास पौधा है। यह रेगिस्तान में पाया जाता है। यह पौधा मुश्किल परिस्थितियों में भी जीवित रहता है। इसलिए यह नामीबिया के लोगों की ताकत और लंबे जीवन का प्रतीक है। पीएम मोदी को यह 27वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इस दौरे में यह उन्हें मिला चौथा पुरस्कार है।

## प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह आईएएस में हुए प्रोन्नत

### प्राधिकरण स्टाफ ने दी ढेरों शुभकामनाएं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के 22 पीसीएस अफसरों को मिली प्रान्नति के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह भी आईएएस में प्रोन्नत हुए हैं। प्राधिकरण के सचिव के आई ए एस में प्रोन्नत होने पर प्राधिकरण उपाध्यक्षअतुल वत्स के साथ साथ प्राधिकरण के साथी अधिकारियों और अन्य स्टाफ के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

# कुशल प्रशासक एडीएम रणविजय सिंह बने आईएएस अधिकारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को पीसीएस अधिकारियों के प्रमोशन की सूची जारी हो गई। उत्तर प्रदेश के 22 पीसीएस अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें आईएएस अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी अब आईएएस संवर्ग में आ गए हैं। बताया जाता है कि ये सूची काफी समय से प्रतीक्षारत थी और अधिकारी इसके आने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को ये सूची आ गई। उत्तर प्रदेश के जिन 22 पीसीएस अधिकारियों को प्रमोशन देकर आईएएस बनाया गया है उनमें गाजियाबाद में तैनात दो पीसीएस अधिकारी भी हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में सचिव के पद पर तैनात राजेश कुमार सिंह को आईएएस संवर्ग में प्रमोशन मिला है अब वो आईएएस अधिकारी हो गए हैं। वहीं गाजियाबाद जिला प्रशासन में एडीएम प्रशासन के पद पर तैनात रणविजय सिंह अब आईएएस अधिकारी बनाए गए हैं।

रणविजय सिंह एक ऐसे प्रशासनिक अधिकारी हैं जिनकी गिनती कुशल प्रशासक के रूप में होती है। गाजियाबाद जनपद में चार्ज संभालने के बाद से ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। वर्तमान में कांवड़ यात्रा का पूरा दायित्व उन्हीं के पास है। रणविजय सिंह एक ऐसे अधिकारी के रूप में अपनी जनछवि निर्मित करने में सफल रहे हैं जो जनसुनवाई करता है और जनता उनके पास आना पसंद करती है। वो मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान करते हैं। जन मामलों क सुनवाई करते हैं और यहां वो विवेक, कानून और मनोविज्ञान का समन्वय बनाकर काम करते हैं।

एक ऐसे अधिकारी जो फील्ड में उतरकर मौके पर पहुंचकर फैसले लेने के लिये जाने जाते हैं। इन सबसे भी बड़ी बात ये है कि रणविजय सिंह ने अपने व्यवहार से अपने अधिकारियों और अपने अधिनस्थों का भी दिल जीता है। वो अधिनस्थ कर्मचारियों से लेकर अपने अधिकारियों तक समन्वय का एक सेतु बनाकर काम करते हैं, हमेशा तालमेल बिठाते हैं। रणविजय सिंह अब आईएएस अधिकारी हो गए हैं और बुधवार को उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का एक सिलसिला जारी रहा।

# खाकी वालों पर सांप का साया

## आईपीएस के आवास से लेकर पीपीएस के घर में दिखा किंग कोबरा

### एडिशनल सीपी, डीसीपी और एडीसीपी के आवास पर भी देखे गए जहरीले सांप

### 2 दिन में रेस्क्यू किए गए कई सांप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खाकी वालों से सब घबराते हैं लेकिन गाजियाबाद पुलिस लाइन में आजकल पुलिस वाले डरे और सहमे हुए हैं। पुलिस वालों के इस डर के पीछे का कारण पुलिस लाइन में घूम रहे लंबे, बड़े और जहरीले सांप बताए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों के दौरान पुलिस लाइन में कई आलाधिकारियों के घर पर जहरीले सांप गार्डन में देखे गए हैं। तो वहीं एक किंग कोबरा एडीसीपी ट्रैफिक के आवास में घुस गया। उसे देखकर परिवार के लोग डर गए आनंद-फानन में रेस्कयू करने वाली टीम को बुलाया गया। तो रेस्क्यू टीम ने अडिशनल सीपी के आवास की झाड़ियां से दो अन्य जहरीले सांपों को भी दबोच ले गए। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन गाजियाबाद में इन दिनों कई और सांप हैं जो इधर-उधर घूम रहे हैं। बारिश के मौसम में अक्सर सांप झाड़ियां और घास के बीच नजर आ जाते हैं लेकिन बीते कई दिनों से जिस तरीके से एक के बाद एक अधिकारियों के आवास के आसपास जहरीले लंबे सांप नजर आ रहे हैं, उसे न सिर्फ खाकी वाले डर के साए में हैं बल्कि उनका दिल भी अंदर से डरा हुआ है कि कहीं कोई हादसा या दुर्घटना ना हो जाए।

### डीसीपी ट्रांस हिंडन और एडिशनल सीपी आवास के पास भी देखा गया जहरीला सांप





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में आजकल एक के बाद एक कई जहरीले सांप देखे जाने के बाद पुलिसकर्मी और उनके परिवार में डर का माहौल है। कई अधिकारियों ने तो अपने आवास और किचन गार्डन में बाकायदा सांप पकड़े जाने के लिए रेस्क्यू भी करवाया है। तो वहीं पुलिस कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को हिदायत दी है कि वह देर रात या घनी झाड़ियों और घास के बीच में न जाए। कहीं कोई दुर्घटना ना हो जाए। दरअसल बारिश के मौसम और बारिश के बाद तेज धूप निकलने पर कई बार सांप अपने बिल और छुपाने के स्थान से निकाल कर खुले में आ जाते हैं। तो कई बार इनके काटने के मामले भी सामने आ चुके हैं।

### कांवड़ मार्ग पर भी रखना होगा सांप को लेकर अलर्ट

करंट क्राइम : सावन मास की मासिक शिवरात्रि को देखते हुए गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर तमाम व्यवस्था की जा रही हैं। तो कांवड़ यात्रा के दौरान बीते करीब दो साल पहले कांवड़ मार्ग पर भी सांप काटने से एक कांवड़ियां गंभीर रूप से घायल हुआ था। बाद में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व जिस तरीके से अलग-अलग स्थानों पर सांप निकल रहे हैं, ऐसे में कांवड़ यात्रा के दौरान सांप को लेकर भी पुलिस- प्रशासन और संबंधी विभाग को बेहद अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

# नजर आएगी भाजपा की कांवड़ यात्रा में कहानी

## उतरेगी देवतुल्यों की फौज ताकि कांवड़ियों को ना हो कोई परेशानी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा इन दिनों जनकल्याणकारी योजानाओं के साथ-साथ अपनी सरकार के फैसलों को सही बताने के लिये अपने कार्यकताओं की फौज लेकर आती है। वो प्रधानमंत्री के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हैं। सात साल बेमिसाल के बाद जब वक्फ बोर्ड पर संसद में प्रस्ताव पारित हुआ तो भाजपा ने अपने कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई कि मुस्लिम बस्तियों में जाएं और सरकार के फैसले के फायदे समझाएं। इसके लिये बाकायदा संगठन की ओर से आयाम आया। अब जब कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है तो यहां भाजपा अपने देवतुल्य कार्यकताओं के साथ मैदान में आ गई है। भाजपा यहां सेवा के संकल्प के साथ आएगी।

> **सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस पर कार्ययोजना शुरू कर दी है।**

सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस आयाम को एक महत्वपूर्ण काम के रूप में लिया है और उन्होंने इस पर कार्ययोजना शुरू कर दी है। भाजपा की कांवड़ यात्रा में भागीदारी रहेगी और उसके हजारों कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कांवड़ यात्रा में नजर आएंगे। इसके लिये बाकायदा संगठन की तरफ से पूरा कार्यक्रम आ रहा है और महानगर स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ये पहली बार होगा जब सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता पूरी शिद्दत के साथ सेवा करते दिखाई देंगे। इसके लिये उन्हें बाकायदा पूरा दायित्व बताया जाएगा।

### मंगवा ली संगठन ने प्रशासन से कांवड़ शिविरों की लिस्ट

करंट क्राइम। संगठन से आयाम आया है और भाजपा के महानगर संगठन ने इस आयाम को सबसे महत्वपूर्ण काम के रूप में लिया है। कांवड़ माग पर जितने भी शिविर पड़ते हैं उन सभी की सूची भाजपा महानगर संगठन ने प्रशासन से मांग ली है। इन शिविरों में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं की ड्यूटी लगेगी। जिनकी ड्यूटी लगेगी उनकी भी लिस्ट तैयार हो रही है। कौन सा कार्यकर्ता कौन से शिविर में सेवा का काम संभालेगा, यह संगठन से तय होगा। बताते हैं कि देवतुल्य कार्यकर्ता शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करेंगे। कोई भोजन की व्यवस्था संभालेगा तो कोई चाय का वितरण करेगा। सभी की ड्यूटी लगा दी गई है और सभी कार्यकर्ता शिवभक्त कांवड़ियों की छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखेंगे। जो कांवड़िये खड़ी कांवड़ लेकर आ रहे हैं वो जब शिविर में विश्राम करेंगे तब तक भाजपा कार्यकर्ता उनकी कांवड़ को अपने कंधों पर लेकर खड़े रहेंगे।

# जब सजाई जा रही थी पौधों वाली तैयारी तब नजर नहीं आए फूल वालों के संगठन वाले माली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर सरकारी कार्यक्रम हो और उससे सरकार को जनता के बीच संदेश देना हो तो वह अपने जनप्रतिनिधियों की सहभागिता तय करती है। अधिकारियों को ये निर्देशित होता है कि इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना है और एक परंपरा ये भी है कि जब कोई सकारात्मक संदेश दिया जाना है तो संगठन के अध्यक्षों को भी बुलाया जाता है। 9 जुलाई को जब सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर भाजपा के सांसद-विधायक, मेयर ने पौधे लगाए तो ये बात निकलकर सामने आई कि आखिर ऐसा क्या था कि पर्यावरण का संदेश देने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा संगठन के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को नहीं बुलाया गया।

संगठन सर्वोपरि होता है और फूल वालों के यहां संगठन अध्यक्ष को माली का दर्जा दिया जाता है वो भाजपा के कियारी में खिलने वाले फूलों का ध्यान रखते हैं, लेकिन जब शहर वाले कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर सरकार वाले जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाए तो उसमें संगठन के माली नजर नहीं आए। जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया मगर, चर्चा में ये बात रही कि जब ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल लगाया जा रहा है और ये पौधारोपण भी 2.0 सीजन में हो रहा है तो फिर इस तस्वीर में महानगर अध्यक्ष क्यों नहीं है। तस्वीर में सांसद हैं, तस्वीर में विधायक हैं, तस्वीर में मेयर हैं, लेकिन तस्वीर में महानगर अध्यक्ष नहीं हैं। तस्वीर में अधिकारी भी हैं, लेकिन इस तस्वीर में महानगर की टीम का कोई चेहरा नहीं है।

यह कार्यक्रम शहर विधानसभा के लाइनपार इलाके में हुआ। ये पौधे उस जमीन पर लगाए गए जिस जमीन को शहर विधायक संजीव शर्मा तथा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मिलकर अवैध कब्जे से मुक्त कराया था। ये रक्षा मंत्रालय की जमीन है और इस पर करीब 30 वर्षों से कब्जा था। राइफल रेंज की जमीन पर जब पौधे लगाए गए तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पौधा लगाया, मेयर सनीता दयाल ने पौधा लगाया, सांसद अतुल गर्ग ने पौधा लगाया और शहर विधायक संजीव शर्मा ने पौधा लगाया। जाहिर है कि इन पौधों से क्षेत्र में हरियाली फैलेगी, पर्यावरण का एक बड़ा संदेश जाएगा और स्थायी रूप से यहां एक पर्यावरण का माहौल बनेगा, लेकिन पौधों की तस्वीर के बाद फूल वालों के यहां इस मामले ने राजनीति मोड़ लिया है और चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर कियारी में पौधे लगे तो संगठन के माली को क्यों नहीं बुलाया गया।

इसे राजनीति एंगल से देखा जा रहा है और कहा जा रहा है कि ये एक एंगल हो सकता है और हो सकता है कि मयंक गोयल तक ये निमंत्रण ही नहीं पहुंचाया गया हो। कारण जो भी हो भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का इस कार्यक्रम में नजर ना आना भाजपा खेमे में सुर्खियां बना हुआ है। ये आवाज उठ रही है कि ये एक बड़ा अभियान है और इस अभिया में जनप्रतिनिधियों के साथ संगठन को भी जोड़ा जाना चाहिए, इससे एक बड़ा संदेश जाता।

### मुझे नहीं मिली कोई सूचना और निमंत्रण: मयंक गोयल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस कार्यक्रम को लेकर कहा कि मुझे कोई सूचना नहीं दी गई। यदि सूचना होती तो मैं निश्चित रूप से सरकार के इस ग्रीन संदेश वाले कार्यक्रम में अवश्य शामिल होता। उन्होंने कहा कि मुझे अगर निमंत्रण प्राप्त होता तो मैं जरूर जाता। मुझे तो कार्यक्रम की कोई सूचना भी नहीं दी गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सवाल पर जरूर जाने वाली बात पर जोर दिया। वहीं मयंक गोयल की इस कार्यक्रम से गैर मौजूदगी कार्यकताओं में चर्चा का विषय रही।

# आफत में जान : धारचूला में फटा बादल...मची भारी तबाही

## मोटर पुल और लकड़ी का पुल बहा, 50 से अधिक परिवार प्रभावित

**धारचूला:** पिथौरागढ़ जिले के धारचूला के तल्ला दारमा घाटी स्थित ग्राम पंचायत उमचिया के पास तीजम गांव में देर रात बादल फट गया। बादल फटने व तेज बारिश और नेहल गाड़ में जलस्तर के खतरनाक स्तर तक बढ़ने से भारी तबाही हुई है। इस घटना में पीएमजीएसवाई की सोबला उमचिया 2.13 करोड़ रुपये से बना 36 मीटर लंबा मोटर पुल और पीडब्ल्यूडी का तीजम और वतन तोक को जोड़ने वाली लकड़ी पुल बह गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वहीं, इससे 50 से अधिक परिवार पूरी रात परेशान रहा। जानकारी के अनुसार ऊपरी क्षेत्र में बादल फटने की आशंका जताई जा रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बिष्ट और लक्ष्मी ग्वाल ने बताया कि नेहल गाड़ के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए और संभावित खतरे को देखते हुए 50 से अधिक परिवार अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थान वाले स्कूल और गोरखा रेजिमेंट के पोस्ट में जाकर अपनी जान बचाई और लोग डर से रातभर जागते रहे।






जलस्तर के खतरनाक स्तर तक बढ़ने से भारी तबाही मची

**पुल बहा:** पीएमजीएसवाई की 2.13 करोड़ रुपये की लागत से बना 47 टन वजनी मोटर पुल और तीजम-वतन तोक को जोड़ने वाला लकड़ी का पुल नेहल गाड़ में बह गया।

**भूस्खलन:** बिष्ट कॉलोनी में भूस्खलन से आठ से अधिक मकान खतरे की जद में आ गए।

**बिजली व्यवस्था ध्वस्त:** दो बिजली के खंभे बह जाने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया घटना की सूचना मिली है। नुकसान का आंकलन करने के लिए मौके में राजस्व विभाग की टीम भेजी जा रही है।

# बिहार में सियासी चक्का जाम वोटर लिस्ट पर महासंग्राम




**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट पर महासंग्राम देखने को मिल रहा है। वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के विरोध में महागठबंधन ने आज यानी बुधवार (09 जुलाई) को पूरे बिहार में 'चक्का जाम' किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव भी सड़क पर उतरे। राहुल-तेजस्वी के मार्च में भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, सीपीएम के महासचिव एमए बेबी, सीपीआइ के महासचिव डी राजा और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी भी शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में वोट की चोरी की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे लोग इलेक्शन कमिश्नर से जाकर मिले थे। मैंने उनसे पूछा कि आपको क्या लगा? और सभी ने कहा कि चुनाव आयुक्त बीजेपी और आरएसएस जैसे बात कर रहे हैं। वो भूल रहे हैं कि वो किसी राजनीतिक पार्टी के नहीं हैं वो हिनुदुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं और उनका काम संविधान की रक्षा करना है। पटना में कहा कि आपको जो करना है करिए मगर बाद में कानून आप पर लागू होगा। भूलिए मत आप कितने भी बड़े हों, कहीं भी बैठे हों कानून आपको नहीं छोड़ेगा। आपका काम हिन्दुस्तान के संविधान की रक्षा करने का है। आपका काम बिहार की जनता के दिल के अंदर जो हो उसको पूरा करने का है।

**खगड़िया में बिहार बंद का दिखा असर :** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन हड़ताल के समर्थन व इलेक्शन कमीशन के खिलाफ घोषित बिहार बंद के दौरान बुधवार को विपक्षी दलों ने सड़क पर उतरकर बाजार बंद कराया। वही शहर के राजेन्द्र चौक पर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। राजद, कांग्रेस, सीपीआई एमएल लिबरेशन माले आदि के कार्यकर्ता शहर की हृदयस्थली राजेंद्र चौक को घंटों जाम रखा। ट्रक, ई रिक्शा सभी चार पहिया वाहन रुका रहा। राजेंद्र चौक पर बंद का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, अलौली विधायक रामवृक्ष सदा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार अविनाश, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान, पीआई के राज सचिन मंडल सदस्य प्रभाशंकर सिंह, सीपीएम के मनजीत पोद्दार, सीपीआईएमएल लिबरेशन के अधिवक्ता प्राणेश कुमार कस्तूरी निषाद राष्ट्रीय जनता दल के सुजय यादव सुनील यादव नीरज यादव, कांग्रेस के सुभाष रतन, नवीन कुमार नवीन आदि कर रहे थे।

# गुजरात में टूटा पुल, मचा हाहाकार

## कई वाहन गिरे, 12 लोगों की मौत... कीचड़ से रेस्क्यू टीम की मुश्किलें बढ़ी








घटना सुबह 8.30 बजे के आसपास हुई

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया जब वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला गम्भीरा पुल भरभराकर गिर गया। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। पुल के गिरते ही पांच वाहन सीधे नदी में जा गिरे, जिनमें एक ट्रक और एक पिकअप वाहन अब भी नदी में फंसे हुए हैं। यह हादसा पादरा क्षेत्र में हुआ जहां महिसागर नदी पर गम्भीरा पुल 43 साल पहले बना था। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और रेसक्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुल गिरने के स्थान पर नदी में पानी जमा है, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन अधिकारियों को खासा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

रेस्क्यू टीम नाव की मदद से घटनास्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही है, लेकिन नदी में पानी कम होने और कीचड़ के जमा होने की वजह से वे मौके तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। पानी में गिरे वाहनों को निकालने की जद्दोजहद में अधिकारी लगे हैं, और पुलिस टीम भी कीचड़ से वाहनों को निकालने की कोशिश कर रही है। पानी में जा गिरे ट्रक को रस्सी से बांधकर निकालने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए यहां क्रेन भी लाया गया है, ताकि रस्सी से बांधकर ट्रक को ऊपर लाया जा सके। इसमें रेस्क्यू टीम को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 8.30 बजे के आसपास की है। वडोदरा के कलेक्टर अनिल धमेलिया ने बताया कि अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों में से दो को बेहतर इलाज के लिए वडोदरा के एसएसजी अस्पताल रेफर किया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है और मौके पर एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौजूद हैं। कलेक्टर ने बताया कि नदी में अब भी एक ट्रक और एक पिकअप फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे के पीछे की वजह पुल का अचानक टूटना बताया जा रहा है। हालांकि, पुल में किसी तरह का क्रैक था, या यह पुल कैसे गिरा इसकी जांच अभी बाकी है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है और तुरंत पुल डिजाइन टीम, मुख्य इंजीनियर और विशेषज्ञों को मौके पर भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने हादसे की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। बताया जा रहा है कि यह पुल पिछले साल ही मरम्मत किया गया था।

# राजस्थान के चूरू में जगुआर विमान क्रैश

## हादसे में दोनों पायलटों ने गंवाई जान

5 महीने में तीसरा जगुआर हादसे का शिकार




### एयरफोर्स ने दिए हादसे की जांच के आदेश

**चूरू।** राजस्थान के चूरू ज़िले में इंडियन एयरफोर्स का जगुआर ट्रेनर विमान ट्रेनिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर भारतीय वायुसेना ने गहरा दुख जताया है। साथ ही हादसे की वजह का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (आंतरिक जांच) के आदेश दे दिए गए हैं। ये जांच इस बात की विस्तृत समीक्षा करेगी कि विमान दुर्घटनाग्रस्त कैसे हुआ। भारतीय वायुसेना ने पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि वह इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। वायुसेना ने कहा कि हम बहादुर पायलटों की शहादत को सलाम करते हैं और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

जोरदार धमाके के बाद उठी आग की लपटें

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्लेन का मलबा एक खेत में मिला है, साथ ही मानव अंग भी बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में मिले हैं। हादसे के तुरंत बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक जोरदार धमाका सुनाई दिया, इसके बाद धुआं और आग की लपटें उठती देखीं। ग्रामीणों ने खेतों में लगी आग को बुझाने की कोशिश भी की।

स्थानीय पुलिस अधिकारी कमलेश ने बताया कि विमान दोपहर करीब 1:25 बजे गिरा। हादसे के बाद जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। साथ ही सेना की राहत और जांच टीम के भी जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, भारतीय वायुसेना ने कहा कि हादसे के वक्त विमान ट्रेनिंग पर था।

**5 महीने में तीसरा हादसा :** बता दें कि पिछले 5 महीने में तीसरी बार जगुआर प्लेन दुर्घटना का शिकार हुआ है। इससे पहले 7 मार्च को अंबाला में और 2 अप्रैल को गुजरात के जामनगर में जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

**सीएम भजनलाल ने जताया दुख :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि चूरू जिले के रतनगढ़ क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ।

# मेरठ में मैंगो पार्टी में आम की लूट

## कार्यकर्ता आम लेकर ऐसे भागे मानो कोई खजाना मिल गया




**मेरठ।** मेरठ में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मौजूदगी में आयोजित एक मैंगो पार्टी उस वक्त चर्चा में आ गई, जब रालोद कार्यकर्ता आम लेकर ऐसे भागे मानो कोई खजाना मिल गया हो। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें कई लोग आम को थैलियों और यहां तक कि अपनी जेबों में भरते हुए नजर आ रहे हैं।

यह मैंगो पार्टी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के लिए रखी गई थी। स्थानीय रालोद नेताओं और कार्यकताओं ने मेहमानों के स्वागत में आमों की किस्मों की शानदार व्यवस्था की थी। जैसे ही आम परोसे गए, कुछ रालोद कार्यकर्ता बेकाबू हो गए और आमों को अपनी जेबों, बैग्स और गमछों में भरकर भागने लगे। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब वायरल हो गया है।

# अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा, दिव्यांगजनों के लिए सरकार ने बदले नियम

**नई दिल्ली।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कौशल विकास योजना में अब आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने कहा है कि इस योजना के तहत किसी भी लाभार्थी को तब तक नकद लाभ नहीं मिलेगा जब तक वे अपना आधार नंबर या उसका पंजीकरण प्रमाण नहीं देंगे।

सरकार ने साफ किया है कि इस योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ट्रांसपोर्ट अलाउंस, बोर्डिंग-लॉजिंग, पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता आदि पाने के लिए आधार नंबर देना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह नियम 2 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गया है।

**बिना आधार वाले भी वंचित नहीं होंगे :** हालांकि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन पात्र दिव्यांगजनों के पास फिलहाल आधार नहीं है, उन्हें योजना से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्हें



पहचान के लिए स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र या अभिभावकता से जुड़े कागजात देने होंगे।

**बायोमेट्रिक फेल हो तो मिलेंगे विकल्प :** अगर आधार ऑथेंटिकेशन बायोमेट्रिक वजहों से फेल हो जाता है, तो ओटीपी, क्यूआर कोड स्कैन या ऑफलाइन ई-केवाईसी जैसे विकल्पों से पहचान की जा सकती है।

# सीएम योगी का अयोध्या दौरा, किए रामलला के दर्शन

## प्राकृतिक आपदा अनियोजित विकास का परिणाम, हर नागरिक करे पौधरोपण




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राकृतिक आपदा का सामना पूरी दुनिया को करना पड़ रहा है। अमेरिका जैसे देश भी इससे सुरक्षित नहीं है। यह अनियोजित विकास का परिणाम है। ऐसे में हमें विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करनी ही होगी। पौधरोपण अभियान अपनी मां के नाम कृतज्ञता ज्ञापित करने का मौका देता है इसलिए इस अभियान को "एक पेड़ मां के नाम" नाम दिया गया है। आज के दिन पौधरोपण कर इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करें।

सीएम योगी बुधवार को सरयू किनारे रामपुर हलवारा में "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण महा अभियान के तहत सिटी फॉरेस्ट और किष्किंधा वन की सौगात देते हुए पौधरोपण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक विकसित हो चुकी है। इससे पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इन दोनों में संतुलन बनाना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें से 75 फीसदी से ज्यादा पेड़ जीवित हैं।

पांच लाख एकड़ क्षेत्र में प्रदेश में वन क्षेत्र बढ़ा है। अब हम हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पहले सीएम योगी ने त्रिवेणी वाटिका में नीम, पीपल और बरगद के पौधे रोपित किए।

### सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन, महंत और संतों से की मुलाकात



पौधरोपण महा अभियान का शुभारंभ करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई, आरती की और सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। वहीं मंदिर परिसर की परिक्रमा कर राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और राम दरबार में भी दर्शन पूजन किये। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरूआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किए। उन्होंने श्रीरामलला की आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की इसके साथ ही उन्होंने राम दरबार में भी दर्शन पूजन किये। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी भी ली। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।

**NAME CHANGED**

I Nimesh Kumar S/o Dharmpal R/o House No. 405, Tower-1, Veridia, Sector-1, Wave City, Ghaziabad Po. Kavi Nagar, Pin- 201002. have changed my name from Nimesh Kumar to Nimesh Chaudhary for all future purpose.

**NAME CHANGED**

I Dharmpal Singh S/o Samay Singh R/o House No. 314, Preet Vihar, Muradnagar, Ghaziabad U.P Pin- 201206 have changed my name from Dharmpal Singh to Dharmpal for all future purpose.

**NAME CHANGED**

I Rakesh Chaudhary W/o Dharmpal R/o House No. 314, Preet Vihar Muradnagar Ghaziabad U.P Pin-201206. have changed my name from Rakesh Chaudhary to Rakesh Devi for all future purpose.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 10 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 31 थानों का हो जाएगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

## पांच नए थानों के लिए जमीन हुई फाइनल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस वर्ष के अंत तक पांच और नए थानों की शुरूआत तय मानी जा रही है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि शासन स्तर से गाजियाबाद में पांच नए थाने खोले जाने के लिए जमीन प्रशासन द्वारा देने पर सहमति बन गई है। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जल्द थाना रावली, गंग नहर, राज नगर एक्सटेंशन, हरनंदी नगर और वृंदावन गार्डन के लिए भूमि पर काम शुरू हो जाएगा और इनको जल्द से जल्द शुरू करने की तैयारी होगी। इसके लिए तमाम तरीके की तैयारी की जानी हैं, उसका पेपर वर्क शुरू हो जाएगा। सूत्र बता रहे हैं की कांवड़ यात्रा के दौरान जमीन तलाश कर उसे आवंटित भी कर दिया जाएगा।

## रावली, गंग नहर, राज नगर एक्सटेंशन, हरनंदी नगर और वृंदावन गार्डन के लिए जल्द भूमि पर शुरू होगा काम

### देहात और सिटी जोन में दो-दो थाने, तो एक ट्रांस हिंडन में आएगा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि जो पांच नए थाने बनने पर सहमति बनी है, उसमें रावली और गंग नहर थाना मुरादनगर से कटकर बनाया जाएगा और यह देहात जोन के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। वहीं राजनगर एक्सटेंशन और हरनंदी नगर थाने को साहिबाबाद और नंद ग्राम थाने के हिस्से से काटकर दो नए थाने सिटी जोन के एरिया में बनाए जाएंगे। तो शालीमार गार्डन के इलाके को काटकर वृंदावन गार्डन थाना बनाया जाएगा। इन पांच थानों के निर्माण होने से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 31 थाने और ह्यूमन ट्रैकिंग थाने को मिलाकर थानों की संख्या 32 हो जाएगी।

### जल्द लगेंगे नए थानों की चिन्हित जमीन पर सरकारी बोर्ड




**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिन पांच नए थानों के लिए जमीन आवंटित होने वाली है, वहां जल्द ही थानों के बोर्ड और सरकारी निर्देश लगाया जाएगा ताकि वहां किसी प्रकार का कोई कब्जा न कर सके। इसके साथ ही इन स्थानों पर जल्द ही सरकारी नियमों के अनुसार काम भी शुरू कराया जाएगा ताकि इन थानों की शुरूआत जल्द से जल्द की जा सके। बता दें कि बीते करीब पांच सालों से लगातार शासन स्तर पर गाजियाबाद में 11 नए थाने खुले जाने के लिए फाइल भेजी जा रही थीं। जिसमें से पांच थानों के लिए जमीन स्वीकृति शासन से मिल गई है। जल्द ही स्थानीय स्तर पर तैयारी कर इस अभियान को शुरू किया जाएगा।

### आरआरटीएस ने साहिबाबाद और गाजियाबाद में बनाई दो चौकियां, जल्द होगा शुभारंभ



**करंट क्राइम :** रीजनल रैपिड ट्रांजिस्ट सिस्टम देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन को संचालित करने वाली कंपनी ने एक नियम के तहत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को दो चौकियों का तोहफा दिया है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के आरआरटीएस स्टेशन मेरठ रोड पर एक पुलिस चौकी बनाई गई है। इस पुलिस चौकी में प्रभारी चौकी के कक्ष के साथ ही पांच पुलिसकर्मियों के लिए रहने की सुविधा पुलिस कर्मियों के लिए किचन, बाथरूम और स्टोर रूम बनाया गया है। तो वहीं साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के नीचे भी इसी प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। बुधवार को रीजनल रैपिड ट्रांजिस्टर सिस्टम के अधिकारियों ने डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल से मुलाकात की और उनको यह जानकारी दी है। जिसके बाद जल्द ही इन चौकियों से पुलिस की वर्किंग शुरू करने की तैयारी तेज करने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि इसका लाभ पुलिस को यह होगा कि दो आधुनिक और बड़ी चौकियां उनको वर्किंग के लिए मिल जाएंगी।

> “पुलिस कमिश्नरेट में थानों की संख्या बढ़ने से अपराध नियंत्रण व जनसुनवाई में सुविधा आएगी। तो वहीं जनता को सहूलियत होगी। पुलिस बल बढ़ेगा तो कानून व्यवस्था और मजबूत बनेगी।



जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद

# पौधरोपण महाअभियान एवं एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत जनपद में हुआ 11,47,980 पौधों का रोपण

## जीवन को बचाना है पौधा जरूर लगाना है : सुनील शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पौधरोपण महा अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश एवं सांसद अतुल गर्ग, विधायक सदर संजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्यों की गरिमामयी उपस्थिति में सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद द्वारा रक्षा भूमि राइफल रेंज, विजयनगर, गाजियाबाद में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।






### पौध संरक्षण का कार्य किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, हम सबकी जिम्मेदारी : कैबिनेट मंत्री

करंट क्राइम। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हर क्षेत्र में वायुप्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है जो कि जीवन के लिए खतरा है। अगर हमें जीवन को बचाना है तो पौधा जरूर लगाना है। पौधरोपण करने के पश्चात हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि उसका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

### पौधरोपण के महाअभियान से एक दिन उत्तर प्रदेश को हरा-भरा प्रदेश बनायेंगे : सांसद अतुल गर्ग



स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पौधरोपण व संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है, वर्तमान सरकार निरंतर पौधरोपण व संरक्षण पर ध्यान दे रही है, और इस प्रकार के महाअभियान एक दिन उत्तर प्रदेश को हरा-भरा प्रदेश बनायेगें।






### पौधों का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : विधायक संजीव शर्मा

सदर विधायक सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण के इस महाअभियान के उपरान्त आपको कहीं ना कहीं कोई ना कोई पौधा मुरझाता हुआ अवश्य दिखेगा। उस समय यह सोचकर उसे नजर अंदाज मत किजिए कि जिसने लगाया है वह स्वयं उसका संरक्षण करेगा। उन पौधो या अन्य जो भी पौधे स्वयं से या किसी के द्वारा लगाये गये हैं उनका संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

# कांवड़ यात्रा में ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी करेंगे टाइट

## अधिकारियों ने बारिश से बचाव के लिए बांटी वॉटरप्रूफ ड्रेस, 200 रेन कोट, 200 रेनबूट और हैट की गईं वितरित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात पुलिस कर्मी बारिश में ना भीगें और वह अपनी ड्यूटी को महत्वपूर्ण ढंग से निभाते रहें। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा बारिश से बचाव के लिए 200 रेनकोट, 200 रेनबूट और सर बचाने के लिए हैट वितरित की हैं। इसका मकसद पुलिस कर्मियों को सुरक्षा इंतजामों से लैस करना है ताकि वह बारिश के मौसम में भी कांवड़ वाली ड्यूटी को अंजाम देते रहे। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है कि बुधवार को 200 यातायात पुलिस कर्मियों को बारिश से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सामग्री वितरित की गई है।

### तीन स्थानों पर चला ड्रेस वितरण कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद जानकारी दी है कि एसीपी जियाउद्दीन के साथ मिलकर हापुड़ चुंगी मेरठ रोड तिराहा और लाल कुआं और गंग नहर पर कुल 200 पुलिसकर्मियों को 200 रेनकोट, 200 रेनबूट और 200 हैट दी गई हैं ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान जब बारिश में भी ड्यूटी कर सके और किसी प्रकार की परेशानी उनको न उठानी पड़े।

# महिला और साइबर थाने पर अब रहेगी डीसीपी मुख्यालय की मॉनिटरिंग

## जल्द दिखेगा थानों की वर्किंग में सुधार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को सुधारने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कड़े और नए फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जानकारी मिली है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला और साइबर थाने की मॉनिटरिंग का जिम्मा डीसीपी मुख्यालय यानी आईपीएस धवल जायसवाल को दिया गया है। इसके साथ ही डीसीपी मुख्यालय धवल जायसवाल डीसीपी सिटी का भी प्रभार रखते हैं। बतौर डीसीपी गाजियाबाद में उनकी तैनाती को अभी लंबा समय नहीं हुआ है, पर वह अपनी वर्किंग से अलग पहचान बना रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार महिला और साइबर थाने की वर्किंग पर डीसीपी मुख्यालय के आदेश और निर्देश चलेंगे, जिसका असर कुछ दिनों में नजर आने लगेगा।

### आईजीआरएस रैंकिंग में महिला थाना आया अव्वल



**करंट क्राइम :** कुछ दिन पहले ही डीसीपी मुख्यालय धवल जायसवाल को महिला थाना भी मॉनिटरिंग करने के लिए मिला है और उसके बाद आई आईजीआरएस रैंकिंग की लिस्ट में महिला थाना वर्किंग में टॉप पर आया हे। जो बता रहा है कि आईपीएस धवल जायसवाल की वर्किंग का असर वहां तेजी से नजर आएगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि लगातार एक जोन के डीसीपी से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां छीनी जा रही हैं।

# कम संख्या वाले स्कूलों के दूसरे स्कूलों में विलय के निर्णय को उच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संभवतः वर्ष 1999 के अंत में मुझे बेसिक शिक्षा के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का दायित्व मिला था। गाजियाबाद में कई ऐसे प्राथमिक विद्यालय थे जिनके पास न तो अपने भवन थे और उनमें बच्चों की संख्या भी नगण्य थी। कई में तो शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति के औचित्य को सही ठहराने के लिए बच्चों के नाम रजिस्टर में दर्ज कर रखे थे। ऐसे अधिकतर विद्यालय पुराने शहर में किराए के भवनों में संचालित थे। उनमें से कई भवन तो जर्जर थे।

> “गाजियाबाद में कई ऐसे प्राथमिक विद्यालय थे जिनके पास न तो अपने भवन थे और उनमें बच्चों की संख्या भी नगण्य थी। कई में तो शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति के औचित्य को सही ठहराने के लिए बच्चों के नाम रजिस्टर में दर्ज कर रखे थे। ऐसे अधिकतर विद्यालय पुराने शहर में किराए के भवनों में संचालित थे। उनमें से कई भवन तो जर्जर थे।



उस समय नगर आयुक्त आर बी मौर्य थे, उनसे झुग्गी झोपड़ी क्षेत्रों में स्कूल हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के लिए शहर के विस्तारित क्षेत्र में मलिन बस्तियों और झुग्गी झोंपड़ी क्षेत्रों में नगर निगम की भूमि निःशुल्क उपलब्ध करा दी और सर्वशिक्षा अभियान में प्रदेश सरकार से प्राप्त धन से उनके लिए भवन निर्माण करा दिया। उस समय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में के चंद्र मौली वीसी थे, उन्होंने भी दो या तीन विद्यालयों के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई थी। इन नए क्षेत्रों में स्थापित विद्यालयों में छात्र छात्राओं की संख्या में बड़ी संख्या हो गई। जिन पुरानी आबादी के क्षेत्रों में विद्यालय की आवश्यकता नहीं रही, उन क्षेत्रों में स्थापित हो गए जिनमें उनकी महती आवश्यकता थी। उस समय शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इस कार्य की प्रशंसा की थी। एक तो सभी विद्यालयों को नए भवन मिल गए, दूसरे शिक्षकों को भी पढ़ाने के लिए बच्चे मिल गए। एक दम सही संख्या तो मुझे याद नहीं है लेकिन ऐसे विद्यालयों की बीस से अधिक थी और जिन विद्यालयों को नए भवन मिल गए उनकी संख्या भी चालीस के आसपास रही होगी। उस समय बेसिक शिक्षा अधिकारी भगवती सिंह ने तत्कालीन नगर शिक्षा अधिकारी को लालमणि मिश्रा को इस कार्य में विशेष रूप से लगाया तब ये कार्य समय बद्ध सम्पन्न हो पाया।

> “आजकल प्रदेशभर में ऐसे छात्र विहीन या बहुत कम संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में विलय का निर्णय लिया है। शिक्षक संगठन सहित कई लोग इनका विरोध कर रहे हैं। कल उच्च न्यायालय ने भी इस निर्णय को सही ठहराया है. मुझे लगता है कि शिक्षा विभाग के किसी निर्णय को सही या गलत होने का एक ही मानक होना चाहिए और वह है, इससे बच्चों को शिक्षण में लाभ होगा या नहीं।

आजकल प्रदेशभर में ऐसे छात्र विहीन या बहुत कम संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में विलय का निर्णय लिया है। शिक्षक संगठन सहित कई लोग इनका विरोध कर रहे हैं। कल उच्च न्यायालय ने भी इस निर्णय को सही ठहराया है। मुझे लगता है कि शिक्षा विभाग के किसी निर्णय को सही या गलत होने का एक ही मानक होना चाहिए और वह है, इससे बच्चों को शिक्षण में लाभ होगा या नहीं।

# आज गुरु पूर्णिमा पर भाजपा करेगी सभी मंडलों में गुरुओं का सम्मान

## महंत नारायण गिरी का होगा दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सम्मान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज गुरु पूर्णिमा का पर्व है और भाजपा गुरु पूर्णिमा पर्व पर धर्म गुरुओं के सम्मान के साथ एक नया संदेश देगी। भाजपा के नेता सभी 20 मंडलों में धर्म गुरुओं का सम्मान करेंगे। इसके लिये पूरे शहर को 20 मंडलों में बांटा गया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी 20 गुरुओं को शॉल, तिलक, माला से सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले सम्मानित होने वाले गुरुओं के चरण धोए जाएंगे और उन्हें श्रीफल तथा दक्षिणा भी प्रदान की जाएगी और पूरे विधि विधान के साथ उनका सम्मान होगा। प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में महंत नारायण गिरी का गुरु पूर्णिमा पर सम्मान स्वयं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल करेंगे। उनके साथ बलराम रावल मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी मंडलों में भाजपा कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई गई है।

### रविदास मंदिर से लेकर वाल्मीकि मंदिर तक होगा धर्मगुरुओं का सम्मान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा आज यानी गुरु पूर्णिमा पर्व पर धर्म गुरुओं का सम्मान करेगी। इनमें साधु-संत, साध्वी, कथावाचक, महंत , पुजारी, शिक्षक और पारंपरिक गुरुओं को लिया गया है। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का सम्मान मठ मंदिर में ही महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल करेंगे। वहीं शहर मंडल में जटवाड़ा के वाल्मीकि मंदिर में प्रदीप चौहान सम्मान करेंगे। विजयनगर मंडल के नीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर-9 में नागराज तिवारी का सम्मान होगा। शालीमार गार्डन में महर्षि रविदास मंदिर में हनुमान दास का सम्मान होगा। ब्रज विहार मंडल के झंडापुर में हनुमान मंदिर में गुलजारीलाल शर्मा का सम्मान किया जाएगा। लाजपतनगर मंडल के राजेंद्र नगर सेक्टर-5 में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मनीष मिश्रा सम्मानित होंगे। राजनगर मंडल में संजयनगर स्थित हनुमान मंदिर में सुरेंद्र शास्त्री का सम्मान होगा। गांधीनगर मंडल के हरि मंदिर में ललित शर्मा और इंदिरापुरम के शिवधाम मंदिर शिप्रा सनसिटी में संजय सिंह का सम्मान होगा।

गोविंदुपरम के सनातन धर्म हनुमान मंदिर में राकेश पंडित और नंदग्राम मंडल में श्री बालाजी धाम नंदग्राम में मच्छेंद्र गिरी को सम्मानित किया जाएगा। क्रॉसिंग मंडल में पंकज झा और कविनगर मंडल में गुरुद्वारा कविनगर में एसपी सिंह का सम्मान होगा। भोपुरा मंडल में बालकिशन शर्मा तथा मुरादनगर देहात मंडल में बड़ा हनुमान मंदिर में राजेश पांडेय का सम्मानित किया जाएगा। मुरादनगर शहर मंडल में भुवनेश्वर पाराशर और वसुंधरा मंडल में लक्ष्मीकांत द्विवेदी सम्मानित होंगे। इसके अलावा प्रताप विहार के शिव दुर्गा मंदिर में श्री शोरल लाल और खोड़ा मकनपुर के नीलकंठ महादेव मंदिर में परमात्मा पांडेय को सम्मानित किया जाएगा। गुरू पूर्णिमा पर्व पर अर्थला मोहननगर मंडल में मोहननगर मंदिर में दुर्गा पांडेय और खोड़ा मंडल में जयप्रकाश भारद्वाज को सम्मानित किया जाएगा।

## संपादकीय

# व्यवस्था की नाकामी

बिहार के पूर्णिया में तंत्र-मंत्र के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया। यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए जितनी चिंताजनक है, उतनी की शर्मनाक है शिक्षा व्यवस्था के लिए। जब भारत स्पेस में कदम रख संभावनाओं के नए दरवाजे खोल रहा है, तब इस तरह की वारदात बताती हैं कि समाज का एक तबका कितने गहरे अंधविश्वास में डूबा हुआ है।

कानून का डर नहीं पीड़ित परिवार की एक महिला झाड़-फूंक करती थी। जब कुछ दिनों पहले गांव के एक बच्चे की मौत बीमारी के बाद हुई, तो लोगों का शक उस महिला और उसके परिवार पर गया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पहले भी इस गांव में कुछ लोगों की जान बीमारी से गई थी। लेकिन, लोगों को लगा कि इन सबके पीछे वही पीड़ित परिवार है। पहले पंचायत हुई और फिर भीड़ ने नृशंसता दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया। यह स्थिति तब है, जब राज्य में लॉ एंड ऑर्डर बड़ा मुद्दा बना हुआ है - पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के बाद से सरकार अपनी छवि बचाने की कोशिश में है। शिक्षा में पिछड़ापन पूर्णिया बिहार के सबसे पिछड़े जिलों में आता है। घटना जिस टेटगामा गांव में हुई, वह आदिवासियों का है। यहां के लोग अगर आज भी झाड़-फूंक के चक्करों में फंसे हुए हैं और जादू-टोने पर भरोसा करते हैं, तो इसके पीछे पिछड़ापन और अशिक्षा दोनों है। केंद्र की स्कूल एजुकेशन रिपोर्ट UDISE+ से पता चलता है कि आधुनिक शिक्षा को छोड़ दीजिए, बेसिक सुविधाओं के मामले में भी बिहार के स्कूल बाकी देश से बहुत पीछे हैं। बदहाल स्कूल राज्य के केवल 19.6% स्कूलों में कंप्यूटर हैं, जबकि महज 12.1% स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम। देश में ड्रॉपआउट यानी बच्चों के स्कूली पढाई छोड़ने की दर सबसे ज्यादा बिहार में है, 9-10वीं में 25% से भी ज्यादा। ढाई हजार से अधिक स्कूल केवल एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं।

बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आई CAG की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है। वैसे, पूरे बिहार में एक डॉक्टर के भरोसे 2,148 मरीज हैं। स्वास्थ्य विभागों में 49% पद खाली हैं। ऐसे में पूर्णिया की घटना पूरे सिस्टम की नाकामी है और इसकी जिम्मेदारी सभी को लेनी होगी।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद सेंसेक्स 176 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 176.43 अंक गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 46.40 अंक गिरकर 25,476.10 अंक पर आ गया। आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली के कारण बुधवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कंपनियों के नतीजों का सीजन शुरू होने से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती और वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख अपनाए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 176.43 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 330.23 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 83,382.28 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ गए। वहीं बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड लाभ में रहे। यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

### वेदांता के शेयर में आई 3.38 प्रतिशत की गिरावट

खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता के शेयर बीएसई पर 3.38 प्रतिशत गिरकर 440.80 रुपये पर बंद हुए। यह गिरावट अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें अरबपति अनिल अग्रवाल के खनन समूह को ₹वित्तीय रूप से अस्थिर₹ बताया गया। साथ ही कहा गया कि यह ऋणदाताओं के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है।

### घरेलू उपभोग विषयों ने निवेशकों पर डाला असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय प्रमुख सूचकांक मोटे तौर पर सीमित दायरे में रहे, जबकि घरेलू उपभोग के विषय निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहे। वैश्विक व्यापार तनाव और रेसिप्रोकल टैरिफ के बावजूद, निवेशकों का ध्यान घरेलू आय और संरचनात्मक विकास चालकों की ओर बढ़ रहा है। इसमें शहरी मांग में संभावित सुधार और बुनियादी ढांचे पर आधारित खर्च में तेजी शामिल है।

# ट्रंप का तांबे पर 50% टैरिफ, फार्मा कंपनियों को 200% टैरिफ की धमकी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर इसी तरह के शुल्क लगाने के बाद तांबे पर भी 50 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अमेरिका द्वारा आयातित दवाओं पर शुल्क एक साल बाद 200 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि वह दुनिया भर की दर्जनों अर्थव्यवस्थाओं पर लागू होने वाले उच्च अमेरिकी शुल्कों की 1 अगस्त की समयसीमा को आगे नहीं बढ़ाएंगे। यह कदम नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका भारत का फार्मास्यूटिकल्स के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार है और तांबे तथा तांबे से बने उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है। ट्रम्प ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में कहा, तांबे पर काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हम तांबे पर टैरिफ को 50 प्रतिशत करने जा रहे हैं। तांबे पर कर लगाने से क्षेत्र-विशेष पर की जाने वाली कार्रवाइयों की श्रृंखला का विस्तार होगा, जिसे रिपब्लिकन ने व्हाइट हाउस में लौटने के बाद से लागू किया है और इससे धातु की कीमतें आसमान छू रही हैं।




## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कोटार्ड के सिंड्रोम में, जीवित लोग खुद को मरा हुआ मानते हैं।
- क्या आप जानते हैं? अब तक सभी मानव इतिहास में करीब 100 अरब लोग मारे गए हैं।
- साल 2004 में, फिनलैंड में एक कर लेखा परीक्षक का अपनी मेज पर निधन हो गया, और विभाग में एक ही मंजिल पर 100 कर्मचारियों के सदस्य होने के बावजूद, किसी को भी एहसास नहीं हुआ कि वह 2 दिनों से मर चुका था।
- भारत में जोरोस्ट्रियन पारसी समुदायं दफनाने के बजाए गिद्धों के लिए मृतकों की पेशकश करता है।
- क्या आप जानते हैं? डॉक्टरों की खराब लिखावट सालाना 7,000 से अधिक लोगों को मार देती है।
- शार्क सालाना लगभग 12 लोगों को मार देते हैं। लोग 11, 417 शार्क-एक घंटे में मारते हैं।
- साल 2004 में, पराग्वे में एक सुपरमार्केट आग में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई क्योंकि मालिकों ने दरवाजे बंद कर दिए ताकि लोगों को इसके भुगतान के बिना माल से भागने से रोका जा सके।

## जियो तो ऐसे जियो...

प्रस्तुति करंट क्राइम

**संजीव शर्मा**
पूर्व पार्षद गांधीनगर, गाजियाबाद।
मो नंबर 9311559382



हाथ पकड़ लिया छोड़ा नहीं,
रिश्ता कोई तोड़ा नहीं।

मुश्किल में भी काम आए,
यारों से मुंह मोड़ा नहीं।

दिल पर बोझा कम रखा,
सर पर कर्जा ओढ़ा नहीं।

दूर रहे खुदगर्जों से,
मक्कारों को जोड़ा नहीं।

मान मिला सम्मान मिला,
जो पाया वो थोड़ा नहीं।

बेमतलब की बातों में,
अपना माथा फोड़ा नहीं।



## राशिफल

**मेष :** कुछ भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं। आज आपके लिए बेहतर होगा कि आप किसी भी तरह के वाद-विवाद से बचें।

**वृष :** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपसी विश्वास की मदद से आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। मेहनत का फल आपको जल्द ही मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपको पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी. भाग्य के भरोसे न रहें, मेहनत पर ध्यान दें। ध्यान रखें कि धैर्य से आप सब कुछ जीत सकते हैं। निवेश से लाभ होगा।

**कर्क :** आपका पूरा ध्यान करियर में आगे बढ़ने पर रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का भी मौका मिल सकता है।

**सिंह :** परीक्षा, प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल होने वाले सफल होंगे. जिन लोगों का मामला अदालत में लंबित है, उनमें कुछ सकारात्मक विकास देखने को मिलेगा।

**कन्या :** आज के दिन आप काम के प्रति काफी सक्रिय रहेंगे. कई दिनों से रुके हुए काम पूरे करने के बाद आज आप राहत की सांस लेंगे।

**तुला :** आज आपको आर्थिक लाभ होगा. आपके व्यवसाय में आश्चर्यजनक वृद्धि के संकेत हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। सीनियर्स से आपकी जान-पहचान बढ़ेगी। उन्नति होगी।

**वृश्चिक :** पद, वेतन या आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है. किसी नए स्थान पर जाने के योग बन रहे हैं। आप नई चीजें भी सीख सकते हैं।

**धनु :** आपके प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी और आप कुछ महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करेंगे, जो लंबे समय में फायदेमंद साबित होंगे। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मकर :** आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं. लेकिन किसी जरूरी काम के चलते आपको योजना टालनी पड़ सकती है।

**कुंभ :** आज भूमि और भवन संबंधी कार्यों में तेजी आएगी. आपके काम में जीवनसाथी का सहयोग आपको एक नई ऊर्जा देगा। लव लाइफ में तनाव हो सकता है।

**मीन :** आपके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आ सकता है। परेशानियां कम हो सकती हैं। आपके मन में जो भी बातें चल रही हैं, किसी और के साथ सोचेंगे तो फायदा होगा।

## चुटकुले

लड़का जैसे ही कॉलेज में पहुंचा,
खुशी के मारे उछलने लगा...!
दोस्त - क्या हुआ, इतना खुश कैसे है?
लड़का - आज पहली बार मुझसे
किसी लड़की ने मेट्रो में बात की!
दोस्त - वाह भाई, क्या बात हुई?
लड़का - मैं बैठा था, वो बोली
उठो ये लेडीज सीट है...!

---

पप्पू - क्या तुमने कभी कोई खतरनाक
खेल खेला है...?
गप्पू - हां... कभी-कभी बीवी को
उल्टा जवाब दे देता हूं...!

---

पप्पू - अच्छे दोस्त कितना भी रूठें,
उन्हें मना लेना चाहिए...!
गप्पू - क्यों...?
पप्पू - क्योंकि, वो अपने सारे राज जानते हैं...!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# रूट को हटाकर यह खिलाड़ी बना नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

# गिल-स्मिथ भी टॉप-10 में, जडेजा-बुमराह का जलवा



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक नए नंबर एक टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रूट को हटाकर यह स्थान हासिल किया। ब्रूक ने एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 158 रन बनाए थे, जिसके दम पर वह रूट को हटा पाए। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में रूट दूसरे स्थान पर लुढ़क गए हैं। वह ब्रूक से 18 रेटिंग पॉइंट पीछे हैं। इसके अलावा भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। गिल ने 15 स्थानों की छलांग लगाई और करियर बेस्ट रेटिंग पॉइंट हासिल किया। वह बल्लेबाजों में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्मिथ भी टॉप 10 में पहुंच गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स में भारत के रवींद्र जडेजा और टेस्ट गेंदबाजों में भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं।

### गिल को बेहतरीन बल्लेबाजी का इनाम

गिल ने एजबेस्टन में 269 और 161 रन की पारी खेली, जिसके दम पर भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर इस मैदान पर पहली टेस्ट जीत दर्ज की। वहीं, टेस्ट कप्तान के रूप में गिल ने भी अपनी पहली जीत दर्ज की और दाएं हाथ का यह स्टायलिश बल्लेबाज अब ब्रूक से सिर्फ 79 रेटिंग अंक पीछे है। टेस्ट बल्लेबाजों में ब्रूक के बाद रूट (दूसरे), केन विलियम्सन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) का नंबर आता है। शीर्ष 10 में गिल और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत भी हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और वह सातवें से आठवें पायदान पर लुढ़क गए।

### जेमी स्मिथ की रैंकिंग में भी हुआ सुधार

इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग मिली है। उन्होंने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पहली पारी में नाबाद 184 और दूसरी पारी में 88 रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 16 पायदान के सुधार के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में नाबाद 367 रन की पारी खेलने के बाद इसी सूची में 34 पायदान की छलांग लगाकर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका की पारी 626/5 पर घोषित की, जब उनके पास ब्रायन लारा के सर्वोच्च टेस्ट स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। 27 वर्षीय मुल्डर टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में 12 स्थानों की छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। भारत के अनुभवी खिलाड़ी रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स की सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि टीम के उनके साथी जसप्रीत बुमराह अब भी नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। भारतीय टीम के उनके साथी मोहम्मद सिराज इंग्लैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में छह स्थानों की छलांग से 22वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ छह पायदान के फायदे के साथ टेस्ट गेंदबाजों में 29वें स्थान पर और अल्जारी जोसेफ छह पायदान ऊपर 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की जीत के साथ की शुरूआत, आयरलैंड को 6-1 से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार रात हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरूआत की। भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया।

भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब बुधवार को फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। इसके बाद वह अगले दो सप्ताह में फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# सीएम कोनराड संगमा ने किया डूरंड कप की ट्रॉफी का अनावरण, टूनार्मेंट से पहले रोड शो का आयोजन




**मेघालय।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने बुधवार को यहां राज्य सम्मेलन केंद्र में एक समारोह में 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया जिसके साथ ही राज्य में इस फुटबॉल टूनार्मेंट की ट्रॉफी के ह्यरोड शोह्न की आधिकारिक शुरूआत हुई। इसके साथ ही दुनिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूनार्मेंटों में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है।

ट्रॉफी ह्यरोड शोह्न शिलांग, नोंगस्टोइन और तुरा में आयोजित किया जाएगा जिससे स्थानीय लोगों को टूनार्मेंट शुरू होने से पहले ऐतिहासिक ट्रॉफियों को करीब से देखने का दुर्लभ अवसर मिलेगा। इस वर्ष मेघालय की तीन टीमें डूरंड कप में भाग लेंगी जिनमें शिलांग लाजोंग एफसी, रिन्तिह स्पोर्ट्स क्लब और मेघालय पुलिस फुटबॉल टीम शामिल हैं। इन टीमों की भागीदारी स्थानीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर घरेलू प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को दशार्ती है।

इस समारोह में खेल मंत्री शकलियार वारजरी, कई वरिष्ठ सैन्य और राज्य अधिकारी भी शामिल हुए। संगमा ने कहा, 'मैं भारतीय सशस्त्र बलों को शिलांग को एक बार फिर मेजबान स्थलों में से एक के रूप में चुनने के लिए धन्यवाद देता हूं। क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल सहित आठ मैच जेएन खेल परिसर में खेले जाएंगे। पिछले साल हमारा यह आयोजन यादगार रहा था और इस साल और भी बेहतर होने की उम्मीद है, विशेषकर अधिक स्थानीय टीमों के भाग लेने से।'

# पेड्रो के दो गोल से चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में पीएसजी रियल मैड्रिड मैच के विजेता से होगा सामना



**इंग्लैंड।** जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरूआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।

जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को खेले गए क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दशार्ते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। वह दो जुलाई को ब्राइटन से चेल्सी में शामिल हुए थे। चेल्सी की निगाह अब दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर लगी होगी। उसने इससे पहले 2021 में खिताब जीता था। फाइनल रविवार को खेला जाना है। यूरोपीय टीमें अपना लगातार 12वां और 18 प्रयासों में 17वां खिताब जीतेंगी। एकमात्र अपवाद 2012 में ब्राजील के कोरिंथियंस की चेल्सी पर जीत है।

# इंटर-एएलजी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीम को राज्यपाल ने किया सम्मानित, वायुसेना की सराहना की



**अरुणाचल प्रदेश।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनाइक, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त), ने मंगलवार को कहा कि इंटर-एएलजी फुटबॉल टूनार्मेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह राज्य में एएलजी के आसपास रहने वाले युवाओं के साथ सार्थक जुड़ाव का एक मंच है। उन्होंने कहा कि युवाओं को फुटबॉल जैसी रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करना अनुशासन, टीमवर्क और उद्देश्य की भावना को बढ़ावा देता है। यह राज्य के दूरस्थ इलाकों से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें उच्च स्तर पर चमकने का अवसर देता है।

वह युपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में प्रथम इंटर एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) फुटबॉल टूनार्मेंट के भव्य फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान महामहिम ने इस आयोजन के लिए भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सराहना की। मंगलवार को टूनार्मेंट के फाइनल मैच में एएलजी पासीघाट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एएलजी आलो की टीम को 4-2 से हराकर पहला इंटर-एएलजी फुटबॉल ट्रॉफी अपने नाम किया।

विजेता टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार भी दिया गया। राज्यपाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां प्रदान कीं और दोनों टीमों को उनके शानदार प्रदर्शन और खेल भावना के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, और भारतीय वायुसेना की ऐसी पहलें इस क्षमता को उजागर करने में मदद कर रही हैं। साथ ही यह लचीलापन, नेतृत्व और आपसी सहयोग जैसे मूल्यों को भी प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह टूनार्मेंट खेल, अनुशासन और प्रेरणा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण का एक शानदार उदाहरण है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन देशभक्ति की भावना को जगाते हैं और युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### पूर्वी वायु कमान के चीफ ने बढ़ाया हौसला

पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल सुरत सिंह, एवीएसएम, वीएम, वीएसएम, और कमान के वरिष्ठ आईएएफ अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। विवेकानंद केन्द्र विद्यालय, निजूर्ली के छात्रों द्वारा बैंड प्रदर्शन ने इस भव्य समापन समारोह को और भी रंगीन बना दिया। पूर्वी वायु कमान द्वारा आयोजित इस टूनार्मेंट में आठ टीमों ने भाग लिया, जिनमें आईएएफ कर्मियों और स्थानीय खिलाड़ियों की संयुक्त टीमें शामिल थीं। ये टीमें तवांग, जिरो, मेचुका, आलो, पासीघाट, तुतिंग, वालॉन्ग और विजयनगर के एएलजी का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। यह टूनार्मेंट 24 जून को शुरू हुआ था और इसने विभिन्न समुदायों को एक साथ लाकर एकता को प्रोत्साहित किया और प्रतिभागियों के बीच खेल भावना का उत्सव मनाया।

# सुशील कुमार को मिली जमानत, रिपोर्ट में दावा- रेलवे ड्यूटी पर भी लौटा यह ओलंपिक पदक विजेता पहलवान



**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने हत्या के एक हाईप्रोफाइल मामले में जमानत मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे के साथ अपनी ड्यूटी फिर से शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, सुशील, जिन्हें कभी भारतीय कुश्ती के चेहरे के रूप में जाना जाता था, उन्होंने इस हफ्ते की शुरूआत में रेलवे कार्यालय को रिपोर्ट किया।

सुशील साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले में 2021 से न्यायिक हिरासत में थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में मुकदमे की प्रक्रिया में देरी का हवाला देते हुए उन्हें जमानत दे दी थी, जबकि जांच अभी भी जारी है और उनकी कानूनी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। जमानत ने उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में पुनः लौटने की अनुमति दी है।

रेलवे सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वर्तमान में उत्तर रेलवे में वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में नियुक्त सुशील औपचारिक पोशाक में ड्यूटी पर थे और मीडिया में बढ़ती दिलचस्पी के बीच वह खुद को लो प्रोफाइल रख रहे हैं। अधिकारियों ने उनकी बहाली की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रक्रिया सेवा नियमों के अनुसार की गई थी।

सुशील के ड्यूटी पर वापस लौटने पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिश्रित रही है। जबकि कुछ ने हत्या के मामले में एक व्यक्तिगत आरोपी की बहाली की आलोचना की है, वहीं दूसरों का तर्क है कि सुशील दोषी साबित होने तक निर्दोष हैं और अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को फिर से शुरू करने के हकदार हैं।

कभी राष्ट्रीय आइकन रहे सुशील का ओलंपिक पोडियम से लेकर हत्या के आरोपी तक के सफर ने देश को स्तब्ध कर दिया था। उन्होंने कुश्ती में बीजिंग 2008 ओलंपिक में कांस्य और लंदन 2012 ओलंपिक में रजत जीता था। वह दो ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बने थे। अभी के लिए, यह कुश्ती स्टार चुपचाप नियमित जीवन में लौटने पर केंद्रित दिखाई दे रहा है। हालांकि, अदालत की कार्यवाही अभी भी चल रही है और कुछ भी नतीजा आने तक सुशील पर खतरे के बादल मंडराते रहेंगे।

# पहलवान रीतिका हुड्डा डोप परीक्षण में विफल होने पर निलंबित, लग सकता है चार साल का प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती को बड़ा झटका लगा जब 2023 में देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन बनीं प्रतिभाशाली पहलवान रीतिका हुड्डा को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

हैवीवेट 76 किग्रा वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 22 वर्षीय रीतिका का 15 मार्च को एशियाई चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल के दौरान परीक्षण किया गया और उनके मूत्र के नमूने में ह्यएस1.1 एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयडह्न के अंश पाए गए जो एक प्रतिबंधित पदार्थ है।

रीतिका ने कहा, 'अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करूंगी। मुझे नाडा और (कुश्ती) महासंघ पर पूरा भरोसा है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती।' रीतिका आगे की जांच के लिए 'बी नमूना' देने पर विचार कर रही हैं।

ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद रीतिका ने मार्च में एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता और मंगोलिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल मई में स्वर्ण पदक जीता। रीतिका धीरे-धीरे सीनियर स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और उनका निलंबन भारतीय कुश्ती के लिए एक झटका है क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने की प्रबल दावेदार थीं। इस साल वह तीन प्रतियोगिताओं में से सिर्फ एक मुकाबला हारी हैं।

# नंबर एक सिनर लगातार चौथी बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में, महिलाओं में आर्यना सबालेंका अंतिम-4 में



**नई दिल्ली।** विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर विंबलडन में लगातार चौथी बार वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्हें चौथे राउंड में बुल्गारिया के ग्रेगोर दिमित्रोव से 6-3, 7-5, 2-2 के स्कोर पर वॉकओवर मिला। दरअसल, तीसरे सेट में 2-2 के स्कोर पर दिमित्रोव ने वाइड सर्विस की और दर्द के कारण जमीन पर गिर पड़े। वह मैच पूरा नहीं खेल सके। सिनर को भी कोहनी पर चोट लग गई।

### फ्रिट्ज पहली बार सेमीफाइनल में

अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में कारेन खाचानोव को शिकस्त देकर पहली बार इस टूनार्मेंट के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को मैच के बीच में पैर के दर्द से निपटने के लिए ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

वहीं, महिलाओं में शीर्ष वरीय आर्यन सबालेंका सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जर्मनी की लॉरा सिगमुड को 4-6, 6-2, 6-4 से हराया। 18 वर्षीय मीरा आंद्रीवा ने एमा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। वह 2005 के बाद इस दौर में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 24 वर्षीय स्वियातेक 12वीं बार ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। वह ऐसा करने वाली 2008 के बाद से सबसे युवा खिलाड़ी बन गई हैं। उस समय शारापोवा ने 21 साल की उम्र में रिकॉर्ड बनाया था।

# साईराज परदेसी का एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** भारत के साईराज परदेसी ने मंगलवार को एशियाई जूनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया युवा खेलों में 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले परदेसी ने कुल 338 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 152 जबकि क्लीन एवं जर्क में 186 किग्रा वजन उठाया। महाराष्ट्र के मनमाड के रहने वाले परदेसी ने दोहा में 2024 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

### मैराज, गनेमत और भवतेग फाइनल में जगह बनाने के करीब

भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ आईएसएसएफ विश्वकप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालिफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। अभी दो क्वालिफाइंग राउंड खेले जाने बाकी हैं। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई हैं। उनका कुल स्कोर 96 रहा और वह अभी आठवें स्थान पर हैं। गनेमत ने सोमवार को ट्रैप कॉनकेवर्डे में अपने क्वालिफाइंग राउंड की शुरूआत 10वें स्थान से की। निर्धारित दो राउंड में वह एक-एक निशाना चूक गईं, जिससे दूसरे दिन के अंत में वह आठवें स्थान पर पहुंच गईं। छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों क्रमशः 96 और 93 के स्कोर के साथ 27वें और 28वें स्थान पर हैं। अमेरिका की डानिया जो विज्जी 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। पुरुषों की स्कीट में भवतेग ने अब तक चार में से तीन राउंड में 25 का परफेक्ट स्कोर बनाया और उन्होंने अभी अस्थायी रूप से 12वां स्थान हासिल किया है। ओलंपियन मैराज (24, 25, 24, 25) ने भी पहले दिन से अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और वह 176 खिलाड़ियों में 15वें स्थान पर हैं।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव का जन्मदिन उनके समर्थको ,परिजनों और शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया। सभी ने पूर्व पार्षद हिमांशु लव के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु यशस्वी जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सभी ने पूर्व पार्षद हिमांशु लव को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं और बधाई दी। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शहर विधायक ने तीन स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### प्रकृति संतुलन के लिए पेड़-पौधों का होना अति आवश्यक : संजीव शर्मा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के पर्यावरण को सुधारने के लिए प्रयासरत शहर विधायक संजीव शर्मा ने बुधवार को तीन स्थानों पर पौधरोपण किया। उन्होंने पौधरोपण कर सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। सर्वप्रथम सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद द्वारा रक्षा भूमि राइफल रेंज विजयनगर में सबका साथ वनों का विकास व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि सांसद अतुल गर्ग,कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के साथ शहर विधायक संजीव शर्मा ने पौधे लगाए। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना ही काफी नहीं है। उनकी परिवार के सदस्य की तरह ही देखभाल भी करनी होगी, तभी पौधे बड़े होंगे और पेड़ बनकर हमें ऑक्सीजन देंगे और हमारे जीवन को बचाने का कार्य करेंगे।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हिंडन बैराज के बाई तरफ नवीन सर्किल ऑफिस के पास मे पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति संतुलन के लिए पेड़–पौधों का होना अति आवश्यक



है। प्रकृति संतुलन व पर्यावरण संरक्षण के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से महाअभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में यह महाअभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है और इस महाअभियान को हम सभी को सफल बनाना ही हमारा उद्देश्य है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारी अधीक्षण भूपेंद्र प्रताप और अधिशासी अभियंता राजकुमारी वर्मा भी मौजूद रहे।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा इंदिरापुरम में इंदिरापुरम विस्तार योजना में पौधरोपण अभियान चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने सभी से पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का आहवान किया। कार्यक्रम मे गाजियबाद विकास प्राधिकरण के वीसी अतुल वत्स भी मौजूद रहे।

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर किया पौधरोपण



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी में बुधवार को विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और उन्होंने नई पीढ़ी को अवगत कराया की एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाए। पौधरोपण 2.0 महाअभियान–2025 के अंतर्गत बुधवार को लोनी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की, जिन्होंने लोनी खण्ड विकास कार्यालय, नगरपालिका कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तथा पावी सादकपुर स्थित सरकारी विद्यालय में बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। पौधरोपण के उपरांत स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा व जन–जागरूकता पर विशेष चर्चा भी की गई। इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा वृक्ष हमारी संस्कृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। माँ के नाम एक पेड़ लगाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि माँ के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का यह सबसे पवित्र माध्यम है। यह अभियान हर नागरिक के दिल से जुड़ा है। लोनी में हर व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए, ताकि हर गली, हर मोहल्ला, हर विद्यालय हरियाली से भर जाए। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई सबसे अच्छी पहलों में से एक है। कार्यक्रम में नगरपालिका लोनी के अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी, स्थानीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, सभासदगण, समाजसेवी व सैकड़ों छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

## दहेज हत्या केस में चारों आरोपी बरी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एडीजे–4 न्यायालय ने एक दहेज हत्या मामले में चारों आरोपियों को बरी कर दिया है। यह मामला 2023 का है। कविनगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की शादी के एक साल के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप था कि बाद में गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के गवाह अपने पहले दिए बयानों से मुकर गए। अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाया गया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गाजियाबाद पुलिस लाइन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे. रविंद्र गोड़ के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभक्ति का संदेश दिया। उनके साथ इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जॉइंट पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी, जॉइंट पुलिस कमिश्नर कल्पना सक्सेना भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले), हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य संजीव



मित्तल, सेक्टर 23 व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल, समाजसेवी विकास मित्तल तथा अंकुर गोयल ने भी इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि यह मातृत्व के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।




## आईजीआरएस रैंकिंग को लेकर कसी गई चूड़ी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे बीते कुछ दिनों से कई मामले सुनाई दे रहे हैं। तो मौजूदा तैयारी कांवड़ यात्रा को लेकर चल रही है। तो वहीं बुधवार को जिस तरह से जनप्रतिनिधियों के साथ प्लांटेंशन वाला प्रोग्राम हुआ है उससे सब हैप्पी–हैप्पी ही नजर आ रहा है। पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बेहद विश्वसनीय सूत्रों ने बताया है कि कभी आईजीआरएस की रैंकिंग को लेकर पुरस्कार मिलते थे। तो प्रदेश वाली रैंकिंग में दबदबा रहता था, पर सूत्र बता रहे हैं कि जुलाई माह वाली रैंकिंग के बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम के कई अधिकारियों में नाराजगी है। तो जानकारी यह भी मिली है कि एसीपी स्तर के अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई है। बताया जा रहा है की बाकायदा इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। तो एसीपी स्तर के अधिकारियों को इसको अगले कुछ दिनों में बेहतर बनाने और सुधार करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में महिला वाला थाना आईजीआरएस की रैंकिंग में अव्वल आया है। तो बाकियों की स्थिति रैंकिंग वाली लिस्ट में बेहद टाइट ही




बताई जा रही है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आईजीआरएस की रैंकिंग को लेकर कई अधिकारियों की चूड़ी कसी गई हैं। तो सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि खराब रैंकिंग के बाद बाकायदा मुख्यालय वाले साहब ने लैटर जारी करते हुए इस मैटर को गंभीरता से लेने का निर्देश भी दे दिया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि अगले महीने की रैंकिंग को लेकर अगर स्थिति नहीं सुधरी तो इस रैंकिंग का रिएक्शन भी कमिश्नरेट में दिखाई दे सकता है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट में बड़े साहब कूल मूड में रहते हुए बेस्ट काम करते हैं लेकिन बताया जा रहा है कि जब यह मामला आया है, तो अन्य अधिकारी थोड़े हरकत में आ गए हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग वाली जनसुनवाई का सिलसिला जोरों पर शुरू है। तो वहीं कई अन्य और वर्किंग सुधार के अभियान भी तेज किए जा रहे हैं। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि आईजीआरएस वाली रैंकिंग बीते कई महीनों से नीचे आ रही थी, पर जिस तरह से इस बार सीन बना है, ऐसा आगे भी हुआ तो कहा जा रहा है कि अगली बार लैटर से मैटर नहीं पूरा होगा। कोई बड़ा एक्शन लिया जाएगा।

## वार्ड-10 में आयोजित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

### क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह ने पौधरोपण कर दिया सामाजिक संदेश

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** 'एक पेड़ मां के नाम : 2.0' बृहद पौधरोपण महाभियान वार्ड–10 के बूथ नंबर 14 में आयोजित किया गया जिसमें यहां के निवासियों ने हर वर्ष की तरह बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह महाभियान हमारे परम यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हरित उत्तर प्रदेश – हरित भारत' के संकल्प को साकार करने का एक सशक्त प्रयास है। एक पेड़ माँ के नाम लगाकर हम न केवल पर्यावरण बचा सकते हैं, बल्कि अपनी भावनाओं को हरित आवरण भी प्रदान कर सकते हैं। पश्चिम क्षेत्र उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी के अनुसार यह अभियान हमें ना सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है



अपितु प्रकृति एवं माँ के प्रति समर्पण एवं लगाव को दर्शाता है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह द्वारा इस अवसर पर कई प्रकार के पौधे रोपित किए गये साथ ही यह संदेश भी दिया कि केवल मात्र पौधा रोपित करने तक ही हमारी ज़िम्मेदारी पूर्ण नहीं होती अपितु उसका पूर्ण रखरखाव एवं उस पौधे को वृक्ष तक पहुँचाने पर ही हमारा कर्तव्य पूरा होता है। कार्यक्रम के दौरान संदीप वर्मा, प्रमोद राय, जितेंद्र शर्मा , हुकुम चंद, राकेश जैन, अनिल पाल, अर्चना शर्मा, ऋतु मित्तल एवं क्षेत्रीय पार्षद रेखा गोस्वामी की उपस्थिति रही।

## नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा, पालिका अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार, सभासद सी पी शर्मा, पिंटू यादव, अनुपम सिंह, विनोद यादव, पंकज त्रिपाठी, रोहतास यादव, रईस मलिक, देव शर्मा, राजेश कुमार, भारत राम, संजय सिंह होतीलाल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिव्य कांत अग्रवाल एवं वार्ड के सभासद गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जो न केवल पर्यावरण को बचाने का संकल्प है, बल्कि मातृभूमि और मातृत्व के सम्मान की एक सुंदर अभिव्यक्ति भी है।



## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पांचाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू पांचाल हमेशा राजनीतिक और सामाजिक रूप से अपने दायित्वों को लेकर अलर्ट रहते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए उन्होंने भाजपा आयाम पर काम किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाया और सभी को यह संदेश दिया कि हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आना होगा। राजू पांचाल ने पेड़ लगाने के इस पल को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कांवड़ यात्रा : सैक्टर मजिस्ट्रेट करें अपने क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण : दीपक मीणा

## समस्या से संबंधित विभाग को कराये अवगत, तत्काल हो निस्तारण : डीएम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों/ जोनल मजिस्ट्रेटों/ सैक्ट्र मजिस्ट्रेटों के साथ क्रियान्वयन बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी अपने–अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर सुविधा व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लें। उन्होने सैक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रो में स्थलीय निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधियों/ दुकानदारों/ स्थानीय लोगों से भी वार्ता करते हुए उन्हें भी कावंड़ यात्रा में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित करें और सुरक्षा सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराकर जागरूक करें। जिस सैक्टर मजिस्ट्रेट के क्षेत्र में किसी भी विभाग से सम्बंधित कोई समस्या हो वह उस समस्या को कांवड़ यात्रा के सफल संचालन हेतु बनाये गये वाट्सअप ग्रुप पर शेयर करें। शिकायत प्राप्त होते ही सम्बंधित विभाग त्वरित कार्यवाही करते हुए उस समस्या का निदान कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर उसके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। दो पारी में चली बैठक में मुख्य रूप से सम्बंधित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रकृति और मातृस्मृति को समर्पित एक भावनात्मक पहल

## भाजपा महानगर ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज गांधी नगर स्थित मदर डेरी पार्क में एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा गांधी नगर मंडल अध्यक्ष वरुण नागर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने कहा, वृक्ष केवल ऑक्सीजन नहीं देते, वे जीवन की आत्मा हैं। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा देना चाहते हैं, तो आज हमें हर माँ के नाम एक पेड़ लगाना होगा। यह सिर्फ पर्यावरण नहीं, भावनाओं का संरक्षण है।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, एक माँ हमें जीवन देती है और एक वृक्ष जीवन की रक्षा करता है। यह अभियान मातृस्मृति को समर्पित एक भावनात्मक जन आंदोलन है। हम सब मिलकर इसे हर मोहल्ले तक पहुँचाएंगे।

महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा, वृक्षारोपण हमारी परंपरा और भविष्य दोनों से जुड़ा है। मीडिया का कर्तव्य है कि ऐसे सकारात्मक अभियानों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाए और जागरूकता का माध्यम बने।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अपने हाथों से पेड़ लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

विशेष उपस्थिति : सुभाष शर्मा, पार्षद राजकुमार नागर, पार्षद नीरज गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दयानन्द बंसल, मन्नू वशिष्ठ, मंडल महामंत्री सनी वाल्मीकि, मंडल महामंत्री, विवेक बिधूड़ी, मंडल मंत्री, दीपांशु भारद्वाज, मंडल मंत्री, नितेश पाठक, मंडल मंत्री, राहुल पवार , मंडल कार्यकर्ता, राहुल कंसल, मीडिया प्रभारी, आकाश जैन, सोशल मीडिया प्रमुख, अक्षय अत्रास, अनिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकर्ता, गौरव चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष, प्रवीण शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष, पायल खत्री, मंडल उपाध्यक्ष, अनिल जाटव, मंडल उपाध्यक्ष, अमित वर्मा जी, मंडल उपाध्यक्ष, अविनाश चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष, ऋषभ चावला, मंडल मंत्री, राहुल कुमार, मंडल मंत्री, अभिनव बंसल, मंडल मंत्री, गीता त्यागी, मंडल कोषाध्यक्ष, अक्षय कुमार, राम त्यागी, सक्रिय कार्यकर्ता, प्रदीप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता, निमेष, वरुण शर्मा।

# पार्षद प्रवीण चौधरी ने वार्ड 84 के पार्क में किया पौधरोपण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को राजनगर वार्ड 84 सेक्टर 6 के बड़े वाले पार्क में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड 84 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी, अपर नगर आयुक्त अमरेंद्र प्रताप सिंह, कवि नगर के जोनल प्रभारी गुप्ताजी, राकेश चावला, सेक्टर 6 के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों और कार चालक के बीच विवाद

## कार से टकराकर कांवड़ टूटी, आक्रोशित श्रद्धालुओं ने की वाहनों में तोड़फोड़




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपला के पास मंगलवार रात एक बेकाबू कार ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इस घटना में कांवड़ खंडित हो गई। घटना से नाराज कांवड़ियों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।

राजस्थान के मेवात के अनुज, ओम और हरकेश सहित कई शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे राज चौपला के पास एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कांवड़ियों ने कार चालक से विवाद किया और वाहनों की तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान करीब 15 मिनट तक दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात बाधित रहा। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामला छोटा था और कांवड़ियों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत करा दिया गया। उन्होंने कहा कि स्थिति अब सामान्य है।

# एमएमजी चिकित्सालय ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों संग किया पौधरोपण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत पूरे प्रदेश में एक ही दिन में 37 करोड़ पौधों का रोपण किया गया जिसमें जिला एमएमजी चिकित्सालय गाजियाबाद के समस्त चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी ने भी बढ़-चढ़ कर सैकड़ो पौधरोपण किये। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. चरण सिंह वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. अंशुल चौधरी, डॉ. एके विश्वकर्मा, डॉ. मुकेश, डॉ. मधुर चन्द, डॉ. सुरुचि सैनी, डॉ. अनुराग रोहिला, डॉ. पवन कुमारी, नरेन्द्र मलेरिया इंस्पेक्टर कमल अरोड़ा डाटा मैनेजर, अफ्शा, अंकुर, चांदनी तिवारी, सुनीता सिस्टर, शालिनी, नकुल नागर, पूरण, नितिन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. चरण सिंह वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. अंशुल चौधरी, डॉ. ए के विश्वकर्मा, डॉ. मुकेश, डॉ. मधुर चन्द, डॉ. सुरुचि सैनी, डॉ. अनुराग रोहिला, डॉ. पवन कुमारी, नरेन्द्र मलेरिया इंस्पेक्टर कमल अरोड़ा डाटा मैनेजर, अंकुर, चांदनी तिवारी, सुनीता सिस्टर, शालिनी, नकुल नागर, पूरण, नितिन आदि मौजूद रहे।

## सामाजिक संगठन ने वृद्ध आश्रम को दी खाद्य सामग्रियां



**गाजियाबाद ।** भारत विकास परिषद की कल्याणी शाखा की ओर से दुहाई स्थित वृद्ध आश्रम में खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। डॉ सूरज प्रकाश जन्म जयंती सेवा पखवाड़ा के तहत वृद्धाश्रम में कच्चा भोजन जैसे आटा, दाल, चावल, गुड़ चीनी बिस्किट और वरिष्ठ नागरिकों को तौलिए एवं कुर्ता पजामा वितरित किए गए । साथ ही वृद्ध आश्रम में रहने वाले वृद्धो की बीपी एवं रक्त जांच की गई। शिविर में 85 वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर सदस्यों ने वृद्धो के साथ पौधारोपण किया। प्रांतीय संयोजक हेमंत कुमार बाजपेई ने बताया कि इस मौके पर जामुन अमरुद, तुलसी, अनार आदि वृक्षों के पौधे रोपे गए। इस मौके पर राजकुमार जैन, रीना त्यागी, कांची त्यागी, महाजन, अंजलि खन्ना, शिवानी गुप्ता, वंदना, मोनिका तायल, नेहा, अनीता आदि उपस्थित थी।

# व्यास पूर्णिमा पर नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा बैंकट हॉल में कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केटअन्नपूर्णा बैंकट हॉल व्यास पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि गुरु के ज्ञान का कोई तोल नहीं होता है। हमारा जीवन गुरु के अभाव में शून्य होता है। गुरु अपने शिष्यों से कोई स्वार्थ नहीं रखते हैं, उनका उद्देश्य सभी का कल्याण ही होता है। गुरु को उस दिन अपने कार्यो पर गर्व होता है, जिस दिन उसका शिष्य एक बड़े ओदे पर पहुंच जाता है।

प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कुमार देवाशीष ओझा के तत्वाधान में विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा/ प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान का व्यास पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सानिध्य पाकर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने आपको गौरवान्वित किया। डॉ कुमार देवाशीष ओझा ने बताया कि हर किसी के जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। मनुष्य को गुरु का महत्व समझना चाहिए और जीवन पर्यंत उनका सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद के बगैर मनुष्य अधूरे हैं। गुरु के प्रति हमेशा शिष्य के मन में श्रद्धा होनी चाहिए, तभी से अपने कार्य के बारीकियों को भलीभांति सीख सकते हैं। गुरु के दो चरण हैं- पहला चरण 'बुद्धि और दूसरा 'विवेक' है जिसने भी गुरु के इन चरणों को मजबूती से पकड़ लिया, उसका गुरुत्व और गुरुत्वाकर्षण बढ़ जाता है। इस अवसर पर सैकड़ों लोग समर्पण भाव के साथ मौजूद रहे।

# बसपा ने फिर किया मेरठ मंडल में बदलाव



**गाजियाबाद।** बसपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर से मेरठ मंडल में संगठन में बदलाव किया है। उन्होंने रवि जाटव को मेरठ मंडल प्रभारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही मेरठ मंडल के प्रभारी में बदलाव किया गया था। रवि जाटव को पहले भी मेरठ मंडल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन कुछ समय पहले उन्हें मेरठ मंडल से हटा दिया गया था। बसपा की ओर से मेरठ मंडल के 6 जिलों मेरठ बागपत गाजियाबाद गौतम बुद्ध नगर बुलंदशहर और हापुड़ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन 6 जिलों में करीब 30 विधानसभा सीटों पर बसपा ने बूथ और सेक्टर कमेटियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी मेरठ मंडल प्रभारी को दी है। इन जिलों में सेक्टर कमेटियों का गठन पूरा हो गया है। अगले महीने बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा।

# मांगों पर विचार नहीं होने पर नगर निगम कर्मचारी संघ ने दिया धरना



**गाजियाबाद।** सेवा संबंधित लंबित मांगों पर कोई विचार नहीं किए जाने के खिलाफ नगर निगम कर्मचारी संघ ने बुधवार को नगर निगम पर धरना दिया । नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पूर्व की बैठकों में लिए गए फैसलों पर अमल नहीं होने से नगर निगम की कर्मचारी नाराज है। प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में महासंघ के प्रतिनिधियों की बैठक हुई थी जिसमें नगर निगम के कर्मचारी की मांगों पर विचार किया गया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसे पर अमल नहीं किया गया। इस विषय पर कोई आदेश जारी नहीं किया गया। कर्मचारियों ने नगर विकास मंत्री के नाम एक ज्ञापन नगर आयुक्त को दिया जिसमें कर्मचारियों की मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की अपील की गई है।

# निवेश में मुनाफा दिखाकर 34 लाख ठगे

## साइबर क्राइम पुलिस से की शिकायत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 34 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित ने साइबर सेल पुलिस से शिकायत की है। जिन खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया है, उनकी डिटेल निकाल रही है। पीड़ित रामबहादुर सेक्टर-120 प्रतीक लारेल सोसाइटी में रहते है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके पास इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया था। ये मैसेज एसबीआई सिक्योरिटीज के नाम से था। बतौर इसका एक लिंक था।

जिस पर क्लिक करते ही एक फोन नंबर आया और चेटिंग शुरू हो गई। चेटिंग के दौरान उसने शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि आज आप एक लाख रुपए लगाएंगे तो 1.15 लाख रुपए मिलेगा।

लालच में आकर लगा दिए पैसे लालच में आकर 20 मई 2025 को 5 हजार रुपए लगाए। जो बढ़कर 5448 हो गए। इसके बाद फंड एड करते रहे। धीरे धीरे करके करीब 10 से ज्यादा बार ट्रांजैक्शन करके 34 लाख रुपए ट्रेडिंग में लगा दिए। इसके बाद ट्रेडिंग अकाउंट से पैसा निकालने के लिए कहा तो सामने वाले ने कमीशन के लिए 23.89 लाख रुपए मांगे। उसने कहा इतने पैसे जमा कर दीजिए और सारा पैसा निकाल लीजिए।

सिक्योरिटी ऑफिस ने बताया हो गया फ्रॉड इसके बाद हम सेक्टर-18 स्थित एसबीआई सिक्योरिटीज के ऑफिस पहुंचे। वहां बताया गया कि ऐसा कोई प्लान और काम यहां नहीं होता। शिकायत में बताया इन लोगों ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया है। जिस पर पहले से 83 लोग जुड़े थे। फिलहाल साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# जीएसटी के अपीलीय अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में हस्तक्षेप के खिलाफ याचिका दायर

**गाजियाबाद।** जीएसटी विभाग में अपील अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में मुख्यालय स्तर पर हस्तक्षेप के खिलाफ गाजियाबाद के वकील ने जनहित याचिका दायर की है । गाजियाबाद के वकील अनिमेष मित्तल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा कि अपीलीय अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में मुख्यालय स्तर पर अनावश्यक हस्ताक्षर किया जा रहा है । जिसका वादकारियों और न्याय व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है । याचिका का उद्देश्य न्याय के अबाधित प्रवाह को सुनिश्चित करना है । न्याय को अवरुद्ध करने के प्रयासों को रोक लगाना है । अनिमेष मित्तल ने कहा कि उच्च न्यायालय इस महत्वपूर्ण विषय को संज्ञान में लेकर अपीलिय अधिकारियों की परेशानियों को दूर करेगा।

# जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारी संग रोपे 9240 हरे-भरे पौधे













गाजियाबाद करंट क्राइम। बुधवार को वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के तहत सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच के साथ पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, कल्पना सक्सैना, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में अपने कार्यालय, थाने और कार्य स्थलों पर एक दिन के भीतर 9240 हरे भरे पौधे लगाकर हरियाली का संदेश देने का काम किया।

# प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण से खाली करायी गई जमीन पर आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम





गाजियाबाद, करंट क्राइम। एक पेड मां के नाम 2.0 के देश व्यापी अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा बुधवार को इंदिरापुरम विस्तार योजना में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर विधायक संजीव शर्मा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पेड़ लगाए और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने पर बल दिया जाए, केवल सरकारी संस्थानों के स्तर से इस तरह का आयोजन किए जाने से वह कदापि कामयाब होने वाला नहीं है।

इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अवगत कराया कि जिस जमीन पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है,उसे हाल में प्राधिकरण के द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। स्थानीय पार्षदों के द्वारा लिखित में अवगत कराया गया था कि प्राधिकरण के द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन पर झुग्गी झोपडी वालों के साथ कबाडियों के द्वारा कब्जा किया गया है। प्राधिकरण के भूअर्जन अनुभाग एवं संपत्ति विभाग की संयुक्त पडताल में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला संज्ञान मे आने पर इसे खाली कराया गया था। जिसको संरक्षण किए जाने की दिशा में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है, ताकि भविष्य में अवैध कब्जे से मुक्त करायी गई जमीन पर पुनः अवैध कब्जा न हो और हरियाली भी बनी रहे। इस दौरान प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य श्री पवन गोयल, स्थानीय पार्षद एवं गणमान्य लोग भी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे और एक एक पेड़ सबने स्थल पर रोपित किया। प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों ने भी इस मौके पर पेड़ लगाए और उनके देखरेख का संकल्प लिया।

## पेड़ लगाने के साथ उसके संरक्षण का लिया जाए संकल्प :डीएम



करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि जनपद में लगभग नौ लाख पौधे लगाने के अभियान का आगाज हो गया है। उन्होंने जोर दिया कि जरूरत इस बात की है कि अधिक से अधिक संख्या में न केवल पेड़ लगाए जाए, बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया जाए।

## प्राधिकरण समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कर रहा है प्रयास : अतुल वत्स

करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि प्राधिकरण को डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ,प्राधिकरण के द्वारा एक लाख से अधिक पौधे अभी तक लगा दिए गए है , प्राधिकरण लक्ष्य से बढ़कर पौधे लगायेगा । उन्होंने कहा कि देखा जाए तो आधुनिकता के चक्कर में पर्यावरण का काफी नुकसान कर बैठे है,ऐसे में अब दायित्व बनता है कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए,ताकि आने वाली पीढी पर्यावरण को लेकर संवेदनशील बने। समय की सबसे बडी.आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को पेडों का महत्व बताए और जहां भी उचित स्थान नजर आए,वहां पर पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण इस तरह के आयोजन में समाज के हर वर्ग को जोडने का प्रयास कर रहा है।

# नगर निगम ने बृहद स्तर पर आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम

## प्रमुख सचिव नगर विकास ने दिया 'पौधा लगाओ - पर्यावरण बचाओ' का संदेश



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विजय नगर जोन अंतर्गत पौधा रोपण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में महापौर, नगर आयुक्त सहित पार्षदों तथा निगम अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए, रक्षा भूमि राइफल रैंज विजयनगर में लगभग 30 हजार से अधिक पौधे लगाए गए तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात उपस्थित रहे जिनके द्वारा उपस्थित जनों को अधिक से अधिक ग्रीनरी बढ़ाते हुए पौधारोपण करने के लिए मोटिवेट किया गया।

प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पिछले वर्ष लगाई गई पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं लगभग 6 फीट से अधिक ऊंचे हो गए हैं उसको देखकर बहुत ही प्रसन्नता है गाजियाबाद ग्रीन गाजियाबाद की ओर अग्रसर हो रहा है यही मुहिम जारी रहेगी जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधारोपण मानसून के चलते अधिक से अधिक किया जाए अधिकारियों को मोटिवेट किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित होकर पार्षदों ने पौधारोपण में सहयोग किया, रक्षा भूमि राइफल विजयनगर पर भव्य पौधारोपण शीघ्र ही मिनी फॉरेस्ट का रूप लेगा जिससे पर्यावरण को काफी लाभ मिलेगा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया।

## रक्षा भूमि राइफल रेंज विजयनगर पर 30000 पौधे लगाकर की मिनी फॉरेस्ट बनाने की शुरुआत



## जन सहभागिता से शहर में होगा पौधारोपण : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान में जुड़कर पौधे लगाए गए तथा शहर वासियों को पौधा लगाने के महत्व पर मोटिवेट किया गया। कार्यक्रम में निगम अधिकारियों तथा पार्षदों द्वारा भी पौधरोपण किया गया। कई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भी पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया तथा पौधे लगाए ग ई इस प्रकार कार्यक्रम स्थल पर लगभग 30000 से अधिक पौधे लगाए गए नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि मानसून के चलते 113000 लक्ष्य को पार करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा।

## पौधारोपण को बढ़ावा देंगे पार्षद तथा अधिकारी : महापौर

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 1200 पार्क तथा 17000 स्क्वायर मीटर भूमि पर पौधारोपण किया गया। महापौर द्वारा पार्षदों तथा निगम अधिकारियों को संयुक्त कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए कहा गया। उद्यान विभाग तथा अन्य विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पूर्व में भी डेढ़ लाख से अधिक पौधारोपण किया था जो पौधे अब वृक्ष बन चुके हैं जिससे शहर वासियों को लाभ मिलेगा गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद बनाने के लिए लगातार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपील की जा रही है जिसके क्रम में हर घर को जागरुक करते हुए पौधारोपण के लिए मोटिवेट किया जा रहा है आंतरिक वार्डों में भी कई पार्षदों तथा क्षेत्रीय निवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमेशा करते हो आप पक्ष वालों की बात? थोड़ा विपक्ष वालों का भी तो रखो हिसाब? पूछो तो सही सपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी से कि आजकल क्यों नहीं होते हैं उनके दीदार? हम देख रहे हैं लंबे समय से उन्होंने पार्टी कार्यालय पर नहीं रखा है कदम? ना ही प्रकट किया है कोई विचार? हम उनसे उम्मीद रखते हैं इसलिए ये बात पूछ रहे हैं? नहीं तो हमें नहीं पता करना है राशिद भैया का किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब जला ही दिया है आपने विपक्ष के निष्क्रिय नेताओं का शोला? तो ये भी पूछ लो कि आजकल कहां है सपा का भोला? हम देख रहे हैं अब पहले जितने नहीं होते हैं विक्रान्त पंडित के दीदार? हालांकि वो सोशल मीडिया पर जरूर करते हैं अपने ही दल और भाजपा वालों पर वार? मगर हम देख रहे हैं वो भी नहीं है आजकल पार्टी कार्यालय पर आने को तैयार? दूरियों की आखिर क्या है वजह? एक बार आप भी उनसे पूछना? दूर करना हमारा दिमागी बुखार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब मामला चल रहा है सपा नेताओं को खोया-खोया? तो पूछ लो आखिर कहां है आजकल लोनी वाले प्रवेश बैसोया? इस चेहरे की भी नहीं दिखाई दे रही है कहीं तस्दीक? सत्ता के समय में इनका जलवा दिखता था जलाल? क्यों नहीं दे रहे हैं मंदे जमाने में ये पार्टी कार्यालय पर दर्शन? आखिर क्यों इतना कमजोर कर रहे हैं ये प्रदर्शन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर कर रहे हो आप इतनी ज्यादा समाजवादी पार्टी की सक्रियता की फिक्र? तो फिर यहां पर आप पूर्व महानगर उपाध्यक्ष मनीष त्यागी का भी कर दो जिक्र? आप देख रहे हो अभी सत्ता के टाईम में पूर्व अध्यक्ष संजय यादव के साथ कितना मुस्कुराता था ये चेहरा? अब तो ऐसा लग रहा है इनके ऊपर बैठा दिया हो किसी ने पहरा? भूल गये हैं ये पार्टी कार्यालय से लेकर कार्यक्रमों का रास्ता? पूछो तो सही कहीं इन्होंने तोड़ तो नहीं लिया है पार्टी से वास्ता? जब सत्ता के बिना निष्क्रियता की बात आये? तब उसमें जरूर लिखी जाये इनकी भी दांस्ता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक चेहरे की करनी देखकर मेरा दिल है बहुत ज्यादा दुखता? आखिर कहां है व्यापार सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मिस्टर नवीन गुप्ता? पता तो करो इनका फंडा? क्या उतार लिया हैं इन्होंने साईकिल से झंडा? सक्रियता को लेकर इनका मामला भी है ठंडा? आखिर क्यों नहीं दे रहे हैं ये पार्टी के कार्यक्रमों में दीदार? हमें पता है इनके अभी भी मिलते हैं समाजवादियों से विचार? मगर विपक्ष के समय में ये हो जाते हैं अंडर ग्राउंड? फिर नहीं देते हैं ये अपने दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज के लिए इतनी ही रखो समाजवादियों के लिए डोज? क्योंकि फूल वालों के जिक्र के बिना नहीं है फ्रेश हमारी रोज़? वैसे ही रोज की डोज से आया हमारे मन में ख्याल? हम सोच रहे थे कि अगर गागर में सागर भरने वाले नागर और भगवा पहलवान को व्यक्तिगत रूप से दिया जाये भीड़ जुटाने का प्रोग्राम? तब इसमें किसका प्रदर्शन मजबूत रहेगा श्रीमान? कहने वाले ने कहा हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या? दोनों अगर कर लें आपका सवाल पढ़कर चैलेंज कबूल? सच बता रहे हैं हम उसे ही मजबूत नेता करेंगे कबूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम कोई शक की भगवागढ़ में हुई तो थी शानदार वापसी? वापसी के अनुसार नहीं सुनाई दे रहा है उनका शोर? खामोश रहने की आखिर क्या वजह है इस बारे में तो हम भी नहीं है श्योर? मगर हमें मिले हैं रिबन काटने वाली घटना के कुछ संदेश? मामला रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनी का है? जहां कुछ देर से पहुंचा था उनका फेस? फिर यहां पर किया था करने वाले ने उनके साथ कोई क्लेश? शायद यही वजह है कि उसके बाद ज्यादा एक्टिव नहीं नजर आ रहा है मैडम जी का फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम काफी हद तक अपने हिसाब किताब में दिख रहे हैं ठीक? हम देख रहे हैं मीडिया वाले भगवा चौधरी ने आजकल बहुत कम कर ली अपनी स्पीड? हम देख रहे हैं अब वो नहीं कर रहे हैं बड़ी बड़ी या छोटी छोटी विज्ञप्तियां जारी? लगता है उनका दिल भगवा मास्टर ने कर दिया है भारी? पता चला है लखनऊ वाली फाईल में चौधरी साहब का नहीं है मीडिया वाली जिम्मेदारी में नाज दर्ज? शायद यही वजह है कि वो अब अपना समय विज्ञप्तियां लिखने में नहीं कर रहे हैं खर्च? हम देख रहे हैं ककक....करन अब निभा रहे हैं ये वाला फर्ज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खींचना चाहते हैं आपके सवाल के माध्यम से भगवा योद्धा का ध्यान? हम बता रहे हैं जब वो पार्टी कार्यालय पर नहीं होते हैं तो मामला कुछ रहता है सुनसान? हमने दो दिन पहले रखे थे पार्टी कार्यालय पर कदम? वहां पर हमें नजर नहीं आ रहा था पार्टी का एक भी फेस? उस सुनेपन को देखकर हम काफी हैरान थे? हमें समझ नहीं आया ये वाला संदेश? हो सकता है भगवा योद्धा ने ही कहा हो कहने वालों को पार्टी के आयामों में सभी व्यस्त रहे? कार्यालय पर बैठकर यूं ना करें अपना टाईम वेस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर भगवागढ़ में धन्नासेठ नेताओं का देखोगे किरदार? आपको पता चलेगा उनमें से कोई भी संगठन में नहीं आना चाहता है यार? ये धन्नासेठ चेहरे पार्टी के आयामों से भी रहते हैं दूर? मगर बड़े नेताओं और मंत्रियों के स्वागत में ये अपने दर्शन देते हैं भरपूर? शायद व्यापार की वजह से ही ये दिखाते हैं अपने अंदर की भगवा आग? मगर जहां संगठन के आयामों में काम करने की बारी आती है? फिर इनमें से एक एक चेहरा हो जाता है साफ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।